
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 157 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
अंतरराष्ट्रीय बचाव अभियान



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 22 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

39243.39

2 मौलवी को इमरान ने बनाया पहरेदार

7 क्रिकेट में भारत समेत अब तीन दुश्मन!

# दून-पिथौरागढ़ हेली सेवा को जल्द स्वीकृति

## उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं को बढ़ाने के लिए हुई महत्वपूर्ण बैठक

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से नागर विमानन मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के साथ उत्तराखण्ड में हवाई सेवाओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक की।

नागर विमानन मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि 07 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ जौलीग्रांट, देहरादून में बने नये टर्मिनल का लोकार्पण किया जायेगा। हेली समिट के दौरान देहरादून पंतनगर पिथौरागढ़ पंतनगर देहरादून हवाई सेवा का फ्लैग ऑफ भी किया जायेगा। यह सेवा पवनहंस द्वारा दी जायेगी। देहरादून-पिथौरागढ़ हेली सेवा को जल्द स्वीकृति दी जायेगी।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि उत्तराखण्ड में उड़ान के तहत दून-श्रीनगर-दून, दून-गौचर-दून, हल्द्वानी-हरिद्वार हल्द्वानी, पंतनगर-पिथौरागढ़-पंतनगर, चिन्यालीसौड़ सहस्त्रधारा चिन्यालीसौड़, गौचर-सहस्त्रधारा-गौचर, हल्द्वानी-धारचूला- हल्द्वानी तथा गौचर -सहस्त्रधारा -गौचर हेली सेवाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के लिए जो 13 हेलीपोर्ट चिन्हित किये गये हैं, उनमें से 11 की डीपीआर तैयार हो चुकी है। मसूरी हेलीपोर्ट की डीपीआर भी जल्द तैयार हो जायेगी। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से शहरों की कनेक्टिविटी और बढ़ाई जायेगी।

पंतनगर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की कार्यवाही में और तेजी लाई जायेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि उत्तराखण्ड में वैट के चार्जेज एटीएफ पर अधिक हैं, इस चार्ज को कम किया जाय तो राज्य में एयर कनेक्टिविटी और तेजी से बढ़ेगी और राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकासः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तेजी से नागर विमानन मंत्री द्वारा निर्णय लेकर कार्यरूप में परिणीत किया इससे मैं अभिभूत हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड को एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में दी गई इन सौगातों के लिए केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने देहरादून-पिथौरागढ़ हेली सेवा की स्वीकृति पर कहा कि इस सेवा के शुरू होने से सीमान्त क्षेत्र पिथौरागढ़ के विकास के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। इस हेली सेवा की मांग मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से पहले भी कर चुके थे।

इस अवसर पर सचिव नागरिक उड्डयन श्री दिलीप जावलकर, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया भी मौजूद थे।

### 13 हेलीपोर्ट में से 08 पर टेंडर प्रक्रिया गतिमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चिन्हित 13 हेलीपोर्ट में से 08 पर टेंडर प्रक्रिया गतिमान है, जो 20 अक्टूबर तक पूर्ण हो जायेंगे। ये सभी कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं। 11 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री ने नागर विमानन मंत्री से भेंट के दौरान पवनहंस की हेलीकॉप्टर सेवा यात्रियों को मंहगी पड़ने का मुद्दा उठाया गया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा इसका शीघ्र समाधान करने एवं देहरादून से श्रीनगर 42 प्रतिशत एवं देहरादून से गौचर 50 प्रतिशत किराया कम करने पर मुख्यमंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविशील्ड को मंजूरी नहीं देने को भारत ने बताया भेदभावपूर्ण

**संवाददाता** नई दिल्ली। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने ब्रिटेन द्वारा कोविशील्ड वैक्सीन को मंजूरी नहीं देने के फैसले को भेदभावपूर्ण बताया है। साथ ही उन्होंने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। एक संवाददाता सम्मेलन में श्रृंगला ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के नए विदेश सचिव के समक्ष इस मुद्दे को मजबूती से उठाया है। यह घटनाक्रम ब्रिटेन द्वारा जारी किए गए नए नियमों के बाद आया है।

### पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति ने कई मुद्दों पर की चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग करने पर चर्चा की, क्योंकि फ्रांस ऑस्ट्रेलिया के 40 बिलियन डालर के फ्रांसीसी पनडुब्बी आदेश को रद करने के नतीजों से निपट रहा है। दोनों नेताओं ने मंगलवार को फोन पर बातचीत की है।

# चमोली जिले में जल्द दूर होगी मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या

## केंद्रीय संचार मंत्री अनिल वैष्णव से मिले राज्यसभा सांसद बलूनी

संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया टीम के सदस्य सतीश लखेड़ा ने कहा कि चमोली जनपद के कर्णप्रयाग और गैरसैंण विकासखंडों की मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या को लेकर आज राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी के नेतृत्व में केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। सांसद बलूनी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कनेक्टिविटी ना होने से इन दुर्गम क्षेत्रों में जनता को परेशानी तो होती ही है साथ ही बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई बाधित होती है।



लखेड़ा ने कहा कि सांसद बलूनी ने केंद्रीय मंत्री को कर्णप्रयाग विकासखंड के बगोली, चमोला, मैखुरा, मजखोला, कमेड़ा और सेरागढ़ क्षेत्रों तथा गैरसैंण विकासखंड के देवपुरी, राईकोट, कुनीगाड़ तल्ली, कुणखेत, बुखाली, चोरड़ा, पिंडवाली और कांसुवा क्षेत्रों की मोबाइल समस्या का ध्यान दिलाया।'

केंद्रीय मंत्री अनिल वैष्णव ने कहां कि उनका मंत्रालय निरंतर मोबाइल कनेक्टिविटी के सुधार हेतु प्रयासरत है। उन्होंने उपरोक्त सभी 14 स्थानों की कनेक्टिविटी हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की बीएसएनएल सहित सभी निजी ऑपरेटर कंपनियां इन स्थानों का निरीक्षण कर संचार सुविधा बहाल करें।'

लखेड़ा ने केंद्रीय मंत्री सहित सांसद अनिल बलूनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन दुर्गम क्षेत्रों में संचार सुविधा बहाल होने से आम नागरिकों व विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गत दिनों अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आम जनता द्वारा मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या की ओर ध्यान दिलाया गया और स्वयं भी कनेक्टिविटी ना होने की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

संवाददाता

देहरादून। दिल्ली-एनसीआर में आज मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। कई इलाकों में हल्की बारिश हुई है, जिससे मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि मौसम विभाग ने पहले ही मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया था। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक अगले पांच दिन देश के अलग-अलग राज्यों में भारी बारिश के आसार है। आईएमडी के मुताबिक पश्चिम बंगाल और ओडिशा में 21 सितंबर को भारी बारिश होगी, 22 सितंबर को कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। राजस्थान और गुजरात के कई भागों में अगले चार दिन भारी बारिश होगी।

वहीं उत्तराखंड में 25 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में 21 व 22 सितंबर को तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 24 सितंबर तक भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में देहरादून, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं तेज गरज के साथ भारी बारिश के आसार जताए हैं। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। राजधानी दून व आसपास के इलाकों में एक या दो दौर की भारी बारिश हो सकती है।

### अलर्ट

- तीन वेदर सिस्टम बनने से मानसून सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में एक साथ तीन वेदर सिस्टम बनने से मानसून सक्रिय बना हुआ है,जिसके चलते गुजरात, राजस्थान से लगे संभागों के जिलों में कही तेज तो कही रुक रुककर बारिश का सिलसिला जारी है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# मेरी मौत का जिम्मेदार आनंद गिरि

### आनंद गिरि के साथ ही छह अन्य लोगों को हिरासत में

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष तथा निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत नरेन्द्र गिरि की सोमवार को प्रयागराज में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ के बेहद सख्त होने के बाद अब जांच के लिए एसआइटी गठित की गई है। प्रयागराज के डीआइजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने एसआइटी का गठन कर टीम का नेतृत्व डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान को सौंपा है।

मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में श्री मठ बाघम्बरी गद्दी में महंत की पार्थिव देह का अंतिम दर्शन करने के बाद उनको श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि महान संत की मौत के मामले में जांच में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और किसी पर भी संदेह होने पर उसके साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। फिलहाल स्वामी आनंद गिरि के साथ ही छह अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। इस मामले में डीआइजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो हम कुछ लोगों का लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कराएंगे।